एक नजर में

## सुगंधित धूप से महक रहा वीआईपी परस्पर नगर



इंदौर. 'अति विशाल नवरात्रि महामहोत्सव' में चल रहे महायज्ञ में औषधियों और यज्ञ सामग्रियों के हवन यज्ञ में पड़ने से उठती सुगन्धित धूप से वीआईपी परस्पर नगर अतिदिव्य महक से महक उठा है. मंत्रोच्चार से भक्तों का रोम-रोम झंकृत हो रहा है. यह उठती सुगन्धित दिव्य महक अनेक लोगों के दुख, रोग, संकट व कष्टों का निवारण करते हुए उन्हें समृद्धि प्रदान करने वाली साबित हो रही है. बुधवार को तीसरे दिन भी भक्तों का उत्साह देखते ही बना। भक्तों ने सुबह विशेष साधना के बाद महायज्ञ और फिर देवी भागवत कथा का श्रवण किया. ये भव्य धार्मिक आयोजन 2 अक्टूबर तक वीआईपी परस्पर नगर में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में हो रहा है. हजारों भक्त जहां कथा स्थल के बाहर भी डटकर आचार्य श्री के मुख से देवी कथा का श्रवण लाभ ले रहे हैं. वहीं, देर रात तक यहां लाखों भक्त नि:शुल्क भोजन का लाभ ले रहे हैं. नवरात्रि के तीसरे दिन माँ चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई. माँ चंद्रघंटा को राक्षसों का वध करने वाला माना जाता है, जिनकी पूजा से साहस व शक्ति में वृद्धि होती है. देवी भागवत कथा में भी मां का वर्णन किया गय. ।भक्तों ने देवी के जयकारे लगाए, जिसकी गूंज दूर तक सुनाई दी और आसपास का वातावरण भी धर्ममय हो गया।महायज्ञ और देवी भागवत कथा के श्रवण के अलावा भी हजारों भक्तों ने यहां बनाए गए मां पद्मावती के मंदिर और 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन लाभ लिए. ये अलौकिक अनुभव भक्तों को यहां हर दिन हो रहे हैं. तीसरे दिन भी काशी से आए 145 विद्वान पंडितों ने 1 करोड़ कुमकुम अर्चन में से 10 लाख कुमकुम अर्चन की आराधना की. दोपहर 3 से 6 बजे तक विशेष महायज्ञ में जाप के साथ 1 लाख विशेष आहुतियां दी गई, जिसमें देश-विदेश से आए अनुयायियों के साथ शहर और आसपास के सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष शामिल हुए.

## भजन संध्या में देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु



इंदौर. पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में श्री अग्रवाल महिला मंडल मल्हारगंज द्वारा नारनोली अग्रवाल पंचायत भवन पर खाटू श्याम भजन संध्या का मनोहारी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सैकड़ों बंधुओं ने देर रात तक शामिल होकर भक्ति भावना से आनंद लिया। भजन गायक पीयूष भावसार एवं साथियों ने देर रात तक भक्तों को थिरकाए रखा. संस्था की अध्यक्ष शीला अग्रवाल, कृष्णा गर्ग एवं उमा गोयल ने बताया कि समाजसेवी विष्णु बिंदल, गोपाल गोयल, नारायण अग्रवाल 420 पापड़, डीएसपी पवन सिंघल, ओमप्रकाश बंसल सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने भजन संध्या का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत निर्मला अग्रवाल, चंचल गर्ग, राजेश अग्रवाल, उषा आष्टा, उमा गोयल, उमा सिंघल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। भजन संध्या के दौरान श्याम बाबा की अखंड ज्योत एवं दरबार के दर्शनार्थ भक्तों की कतारें लगी रहीं।भजनों की मस्ती में डूबे भक्तों पर पुष्प वर्षा का दौर भी चलता रहा. महिला मंडल द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों का समापन रंगारंग मेले के साथ हुआ, जिसमें युवतियों, महिलाओं एवं बच्चों सहित हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेकर पुरस्कार जीते. अध्यक्ष शीला अग्रवाल ने आभार माना.

## विद्यामित्र समूह ने कन्या पूजन कर उपहार भेंट किए




इंदौर. विद्यामित्र समूह द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिवस शासकीय माध्यमिक विद्यालय कुराड़ाखेड़ी की छात्राओं को कन्या पूजन किया गया और उन्हें उपहार स्वरूप शैक्षणिक सामग्री भेंट कर स्वल्पाहार करवाया गया. विद्यामित्र समूह के संयोजक दीपक विभाकर नाईक ने बताया कि इस अवसर पर इसी विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉली चौहान का सम्मान भी किया गया. डॉली महू तहसील के ग्राम कुराड़ाखेड़ी के शासकीय विद्यालय में कक्षा आठवी तक पढ़ी है. डॉली चौहान ने माध्यमिक मंडल की वर्ष 2024 की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में इंदौर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था. छात्रा डॉली बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर थी. साथ ही अन्य सभी शैक्षणिक व रचनात्मक गतिविधियों में भी वो अव्वल आती थी. इस उपलब्धि के लिए डॉली के साथ ही उसके माता-पिता बाबूलाल और रीना चौहान को भी सम्मानित किया गया. होनहार छात्रा डॉली को सम्मान के रूप में माला पहनाकर अभिनंदन पत्र, स्कूल बेग, पेन व अन्य खूब सारी आवश्यक सामग्री भेंट की गयी. इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय कुराड़ाखेड़ी के प्रभारी शिक्षक सुभाष पाटीदार, शिक्षकगण शैलेन्द्र शितोले, ग़ज़ल जैन, कृष्णा सौंप एवं राजेश चौहान उपस्थित थे.

# सफाई कार्य इतना बेहतर हो कि आने वाले यात्री को स्वच्छ इंदौर की अनुभूति हो : महापौर

**सरवटे बस स्टैंड परिसर में वाहन धोने वालों के विरुद्ध करें चालानी कार्रवाई**

**महापौर द्वारा छोटी ग्वालटोली, सरवटे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं राजशाही ट्रांसफर स्टेशन में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण**




कर रही एजेंसी की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए. साथ

**इंदौर.** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज प्रात: काल शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने हेतु छोटी ग्वालटोली, सरवटे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन क्षेत्र तथा राजशाही कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद पंखुड़ी जैन डोसी, झोनल अधिकारी गीतेश तिवारी, क्षेत्रीय सीएसआई एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे.

महापौर भार्गव ने छोटी ग्वालटोली स्थित पटेल प्रतिमा रोटरी के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया. उन्होंने रोटरी निर्माण की योजना, कार्य की प्रगति, प्रस्तावित कार्यों तथा कार्य

### जाले मिलने पर लगाई फटकार

महापौर ने सरवटे बस स्टैंड परिसर की सफाई व्यवस्था का भी अवलोकन किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई इंचार्ज से कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य समय एवं सफाई पद्धति संबंधी जानकारी ली. परिसर में जाले पाए जाने पर महापौर ने संबंधित अधिकारी को फटकार लगाई और सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाली एजेंसी पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए. साथ ही, डस्टबिन बदलने, प्रात: 6 बजे से ही सफाई कार्य प्रारंभ करने एवं गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों पर चलानी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए. महापौर ने विशेष रूप से बस चालकों एवं संचालकों को बस की धुलाई कर परिसर में गंदगी फैलाने पर चालानी कार्रवाई करने हेतु भी निर्देशित किया. स्वच्छता अभियान में सहभागिता स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत महापौर ने सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र में स्वयं सफाई अभियान में भाग लिया और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया.

ही, क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का भी बारीकी से निरीक्षण करते हुए सफाई कार्य में संलग्न कर्मचारियों की संख्या, उनके कार्य समय एवं कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त की. रेलवे स्टेशन परिसर में निरीक्षण के दौरान महापौर ने सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाए जाने पर तत्काल स्टेशन मास्टर से दूरभाष पर चर्चा की. उन्होंने रेलवे परिसर में बड़ी साइज के डस्टबिन लगाने, सफाई व्यवस्था का स्पष्ट टाइम-टेबल तैयार करने एवं प्रात: 6 बजे से ही नियमित सफाई कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए. इसके अतिरिक्त, रेलवे परिसर की सफाई समीक्षा बैठकों में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई एवं सफाई दरोगा को सम्मिलित करने के निर्देश दिए, जिससे सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके. महापौर श्री भार्गव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता में देश का सिरमौर शहर है, ऐसे में रेलवे स्टेशन परिसर भी स्वच्छ एवं आकर्षक होना चाहिए ताकि यहां आने वाले यात्री स्वच्छ इंदौर की अनुभूति कर सकें. उन्होंने परिसर में अवैध ठेलों एवं यातायात अवरोधक गतिविधियों पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए.

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

इसके पश्चात महापौर ने राजशाही स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया. यहां बड़ी मात्रा में कचरा पड़ा हुआ पाए जाने पर उन्होंने तत्काल वेस्ट को निर्धारित स्थान पर शिफ्ट करने एवं स्थल को स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए. महापौर श्री भार्गव ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि इंदौर की स्वच्छता व्यवस्था देशभर में एक मिसाल है और इसे और सुदृढ़ करने के लिए सभी जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण निष्ठा से कार्य करें.

## हुंडई की नंबर प्लेट लगाकर चला रहा था निसान कार

**ट्रैफिक चेकिंग में पकड़ा चालक नहीं मिला संतोषजनक जवाब**

**वाहन हीरानगर थाना पुलिस को सुपुर्द**



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** यातायात पुलिस की चेकिंग के दौरान एक बड़ा मामला सामने आया. चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस टीम ने एक निशान कार को रोककर जांच की तो उस पर हुंडई आई- 20 कार का नंबर प्लेट लगा हुआ पाया. हैरानी की बात यह रही कि नंबर जिस हुंडई कार का था, वह अपने मालिक के घर पर खड़ी मिली.

यातायात सूबेदार अरुण सिंह अपनी टीम आरक्षक श्याम मरकाम और विष्णु सिंह के साथ ड्यूटी पर थे. इसी दौरान उन्हें कार नम्बर एमपी 09 सीयू 0610 दिखाई दी. नंबर प्लेट साफ न होने पर वाहन को रोका, जांच में पता चला कि यह नंबर वास्तव में हुंडई आई-20 कार का है. पुलिस ने जब मालिक से संपर्क करने पर उसने बताया कि उसकी गाड़ी घर पर ही खड़ी हुई है. जब यह बात चालक से पूछी गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका. मामले की गंभीरता को देखते हुए निसान कार और उसके चालक को आगे की कार्रवाई के लिए हीरानगर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया. पुलिस अब यह जांच कर रही है कि चालक ने फर्जी नंबर प्लेट क्यों लगाई थी और इसके पीछे कोई आपराधिक मंशा तो नहीं है.

## इंदौर की ट्रेनों का बिगड़ेगा शेड्यूल, उज्जैन यार्ड रिमॉडलिंग का असर

- यात्रियों को उठाना पड़ेगा अतिरिक्त सफर का बोझ
- 3 से 6 अक्टूबर तक कई गाड़ियों का संचालन आंशिक रूप से रहेगा प्रभावित




नव भारत न्यूज

**इंदौर. उज्जैन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य शुरू होने जा रहा है. 3 से 6 अक्टूबर तक चलने वाले इस काम का सीधा असर इंदौर से चलने वाली और यहां से होकर गुजरने वाली ट्रेनों पर पड़ेगा. चार दिन तक कुछ ट्रेनों का संचालन आंशिक रूप से बंद रहेगा, कुछ का रूट बदल दिया जाएगा और कई गाड़ियां समय से लेट चलेंगी. इससे रोजाना आने-जाने वाले यात्रियों के साथ लंबी दूरी का सफर करने वालों को भी परेशानी झेलनी पड़ेगी.**

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक रिमॉडलिंग कार्य जरूरी है, ताकि भविष्य में ट्रेनों का संचालन और बेहतर ढंग से हो सके. लेकिन काम के दौरान इंदौर-उज्जैन मेमू सेवाएं सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी. इस बीच सफर करने वालों को चिंतामन गणेश स्टेशन से आगे वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ेगा. वहीं रूट बदलने से कुछ एक्सप्रेस गाड़ियां उज्जैन स्टेशन पर नहीं रुकेंगी, जिससे यात्रियों को लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा.

चिंतामन गणेश स्टेशन से रोजाना इंदौर आने वाले छात्र रोहित पाटीदार ने कहा मेमू बंद होने से हमें निजी वाहन या बस का सहारा लेना पड़ेगा।

इससे समय और खर्च दोनों बढ़ जाएंगे. वहीं, देवास से उज्जैन की ओर सफर करने वाली एक यात्री अंजलि जैन ने नाराजगी जताते हुए कहा रेलवे को पहले से व्यवस्था करनी चाहिए थी. कई बार कनेक्टिंग ट्रेनें छूट जाती हैं, इससे पूरा शेड्यूल बिगड़ जाता है. स्थानीय व्यापारी संजय गोयल ने भी कहा काम जरूरी है, लेकिन यात्रियों के लिए पर्याप्त विकल्प और जानकारी नहीं दी जा रही, इससे लोगों को काफी दिक्कत होगी.

### कब और कौन सी ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

4, 5 और 6 अक्टूबर इंदौर-उज्जैन मेमू चिंतामन गणेश तक ही चलेगी, उज्जैन तक सेवा निरस्त. 4, 5 और 6 अक्टूबर - उज्जैन-इंदौर मेमू चिंतामन गणेश से ही शुरू होगी, उज्जैन से चिंतामन गणेश तक सेवा निरस्त. 4 और 5 अक्टूबर - डॉ. अंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस इंदौर-देवास-उज्जैन होकर चलेगी. 3 और 4 अक्टूबर - भगत की कोठी-काचेगुड़ा एक्सप्रेस बदले हुए मार्ग रतलाम-फतेहाबाद-चंद्रावतिगंज-लक्ष्मीबाई नगर-देवास-मक्सी से चलेगी, उज्जैन स्टेशन नहीं जाएगी. 6 अक्टूबर - इंदौर-दौंड एक्सप्रेस 20 मिनट और डॉ. अंबेडकर नगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस 30 मिनट देरी से रवाना होगी.

## 50 अंतरराष्ट्रीय टीमों सहित 62 फुटबाल टीमें दिखाएंगी कदमों का कमाल

- चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में होगा इंटर स्कूल स्पर्धा का आयोजन
- 26 सितम्बर से होगा आगाज, फाइनल जीतने वाली टीम देश को करेंगी रिप्रेजेंट




**इंदौर.** देशभर की फुटबॉल टीमें इंदौर में अपने कदमों का कमाल दिखाएंगी। राष्ट्रीय स्तर पर ख्यात आइएसएसओ इंटर स्कूल फुटबॉल स्पर्धा 26 सितंबर से चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल प्रारंभ होगी. स्पर्धा का फाइनल 30 सितंबर को होगा. टूर्नामेंट का एसोसिएट पार्टनर इंटरनेशनल स्कूल्स स्पोर्ट्स आर्गेनाईजेशन (आईएसएसओ) है.

चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल रिचा चर्तुर्वेदी ने बताया कि यह स्पर्धा देश में स्कूली स्तर पर बहुत प्रतिष्ठित आयोजन माना जाता है. यह सम्मान की बात है कि इतना बड़ा आयोजन शहर में हो रहा है. इस दौरान बालक और बालिका दोनों वर्गों के मुकाबले खेले जाएंगे. स्पर्धा का संचालन अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत योग्य अंपायर और लाइनमैन का दल करेगा. स्पर्धा के लिए स्कूल के फुटबॉल मैदान को विशेष रूप से तैयार किया गया है. विभिन्न टीमों और उनके प्रशंसकों के लिए अस्थाई दर्शक गैलरियां भी बनाई गई हैं, जिससे वे अपनी टीमों की हौसला अफजाई कर सकें. बालकों में अंडर-14 आयु वर्ग में टीमें अपनी चुनौती पेश करेंगी जबकि बालिका वर्ग में अंडर-17 आयु वर्ग की टीमों के मैच खेले जाएंगे. स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ चोइथराम समूह के चेयरमैन सतीश मोतीआनी के आतिथ्य में किया जाएगा. इस दौरान सभी टीमों का आकर्षक मार्च पास्ट होगा और उन्हें खेल भावना की शपथ दिलाई जाएगी. यह स्पर्धा लीग कम नॉकआउट पद्धति से होगी.

### 30 को होगा फाइनल

26 सितंबर को ओपनिंग सेरेमनी के बाद 28 सितंबर तक लीग मैच खेले जाएंगे। 29सितंबर को क्वालीफाइंग राउंड होगा और 30 सितंबर को विजेता टीम का चयन करके टूर्नामेंट का समापन होगा.

**1000+ प्रतिभागी होंगे शामिल**

छात्र परिषद प्रमुख तनिशी जोशी और शिवांश यादव ने बताया इस वर्ष का आयोजन और भी भव्य होने जा रहा है क्योंकि इसमें 50 अंतरराष्ट्रीय टीमों सहित कुल 62 टीमें हिस्सा ले रही हैं और इसमें 1000+ प्रतिभागी शामिल होंगे. विशेष बात यह है कि पूरा कार्यक्रम बच्चों द्वारा ही लीड और ऑर्गेनाइज़ किया जा रहा है, जिससे उन्हें जिम्मेदारी और नेतृत्व का अमूल्य अनुभव मिलेगा.



## अन्नपूर्णा मंदिर पर शतचंडी महायज्ञ

**इंदौर. माता की आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में अन्नपूर्णा मंदिर पर शतचंडी महायज्ञ सहित प्रतिदिन नियमित अनुष्ठान हो रहे हैं।**

आज सुबह मां के अभिषेक एवं तदपश्चात सहस्त्रार्चन तथा कन्या पूजन के साथ नवरात्रि उत्सव का शुभारंभ आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में हुआ. आश्रम परिवार के न्यासी विनोद अग्रवाल, सत्यनारायण शर्मा एवं श्याम सिंघल ने बताया कि भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर में पांडाल, छाया, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा, रोशनी, साफ-सफाई, प्रसाद वितरण के साथ ही गो सेवा के लिए भी समुचित प्रबंध किए गए हैं. मंदिर के पीछे मैदान पर वाहनों के निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है. नवरात्रि महोत्सव में आचार्य पं. कल्याणदत्त सास्त्री के निर्देशन में 11 विद्वानों द्वारा सुबह 9 से 12 एवं शाम 3 से सांय 7 बजे तक शतचंडी महायज्ञ का अनुष्ठान जारी है.



शालीमार बंग्लो पार्क.



एमटीएच कंपाउंड.



गौरीनगर गरबा.

**नवरात्र शुरू होने के साथ ही शहर में हर ओर गरबों का उत्साह नजर आ रहा है. विभिन्न संस्थाओं द्वारा गरबों का आयोजन किया गया है. साथ कॉलोनियों में भी गरबों के आयोजन हो रहे हैं जिसमें युवतियां आकर्षक प्रस्तुतियां दे रही है.**

एक नजर में

**टूर्नामेंट पीएसए वर्ल्ड इवेंट्स (ब्रॉंज पुरुष) और पीएसए चैलेंजर (महिला) श्रेणी में आयोजित होगा**

## डेली कॉलेज में पीएसए ब्रॉन्ज स्कैश चैंपियनशिप 18 नवम्बर से

**इंदौर. डेली कॉलेज इस नवम्बर में वैश्विक स्तर की पेशेवर स्क्वॉश प्रतियोगिता का स्वागत करने जा रहा है डेली कॉलेज एसआरएफआई इंडियन ओपन 2025. यह टूर्नामेंट पीएसए वर्ल्ड इवेंट्स (ब्रोंज पुरुष) और पीएसए चैलेंजर (महिला) श्रेणी में आयोजित होगा. आधिकारिक पीएसए सूची के अनुसार पुरुष वर्ग के लिए 73,500 यूएस डालर और महिला वर्ग के लिए 15,000 यूएसडॉलर की पुरस्कार राशि निर्धारित है.**

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेशनल स्क्वॉश एसोसिएशन द्वारा, स्क्वॉश फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से किया जाएगा. इस अवसर पर महाराज विक्रम सिंह पुआर, अध्यक्ष—बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, डेली कॉलेज ने कहा डेली कॉलेज सदैव खेलों और उत्कृष्टता की परंपरा का ध्वजवाहक रहा है. पीएसए ब्रॉन्ज का इंदौर में आना केवल कॉलेज ही नहीं, मध्य प्रदेश के खेल परिदृश्य की प्रतिष्ठा भी बढ़ाएगा. डॉ. गुनमीत बिंद्रा, प्रिंसिपल—डेली कॉलेज, ने कहा, हम अपने विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं. कॉलेज की ऐतिहासिक इमारत के सामने फुल ग्लास कोर्ट और लगभग 1000 दर्शकों की बैठने की व्यवस्था इस आयोजन को अनूठा बनाएगी.



हरिंदर पाल सिंह संधू अर्जुन अवॉर्डी ने कहा इंदौर में पीएसए ब्रॉन्ज के ज़रिये भारत के उभरते खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रतियोगिता और रैंकिंग पॉइंट्स घर पर ही मिलेंगे—यह स्क्वॉश के विकास के लिए बेहद अहम कदम है. गजेन्द्र सिंह (अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश खिलाड़ी एवं हेड कोच—डेली कॉलेज) ने बताया, पुरुष व महिला—दोनों श्रेणियों में 32-खिलाड़ियों के मुख्य ड्रा प्रस्तावित हैं.

### एंट्री 7 अक्टूबर तक खुली...

एंट्री 7 अक्टूबर 2025 तक खुली है और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय नामों से समृद्ध प्रविष्टियाँ मिल रही हैं. पुरुष वर्ग में अब तक विक्टर क्रूइ (फ्रांस), एइन यौ नग (मलेशिया), बैप्टिस्ट मासोत्ती (फ्रांस), अब्दुल्ला अल-तमिमी (क़तर) के साथ भारत के रमित टंडन, अभय सिंह और राष्ट्रीय चैम्पियन वेलवन सेंथिलकुमार जैसे दावेदार शामिल हो चुके हैं; महिलाओं में लूसी टर्मेल (इंग्लैंड) और तन्वी खन्ना (भारत) सहित कई नाम दर्ज हैं। अंतिम सूची एंट्री बंद होने के बाद जारी होगी.